मां दुर्गा की आराधना में दी प्रस्तुतियां

ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में महानवमी पर छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव के नेतृत्व में मां दुर्गा की आराधना में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राहुल वैष्णव थे। छात्रा इंसिया अली तथा नफीसा भींडर द्वारा एक समूह गीत प्रस्तुत किया गया। गीतांशी डोडियार ने नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्र गजराज सिंह ने नवरात्र आधारित एक कविता प्रस्तुत की। छात्रा ध्रुवि नागौरी ने नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र दीक्षित शर्मा ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया, जिसका साथ गिटार पर छात्र नमन व्यास ने दिया। इसी तरह छात्र केहित सेवक ने भी अपने नृत्य से सभी को मुंत्रमुग्ध कर दिया।

राजस्थान पत्रिका
patrika.com

पत्रिका सिटीजन

माता के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

डांडियों की धुन पर जमकर थिरके व

जगदीश चौक में गरबा खेलते युवक-युवतियां। पत्रिका

उदयपुर. नवरात्र पर शक्तिपीठों में पूजा-अनुष्ठानों का दौर जारी है। शनिवार को सप्तमी पर देवी मंदिरों व देवरों में पूजा-अनुष्ठान हुए। कई जगह कन्याओं का पूजन किया गया। वहीं शाम को गरबा पांडालों में डांडिया- गरबा की धूम रही।

अम्बामाता, नीमज माता, बेदला माता, अन्नपूर्णा माता, कालका माता, चामुंडा माता, करणी माता सहित कई मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इधर, शनिवार को भूपालपुरा स्थित बंग समाज दुर्गा बाड़ी समिति भवन में सुबह 7 बजे सप्तमी पूजा शुरू हुई। इसके बाद संध्या आरती हुई। रात 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। रविवार सुबह 7 बजे अष्टमी पूजा होगी। दोपहर 2.33 बजे सन्धी पूजा होगी।

शाम को डांडियों की खनक गूंजी

महानवमी निकट आने के साथ ही मां दुर्गा की आराधना व डांडियों की धूम परवान पर है। शहर के जगदीश चौक, धानमंडी, कलश मार्ग, रावजी का हाटा, मल्लातलाई, अम्बामाता, नीमज माता, फतहपुरा, गणेश घाटी सहित हिरणमगरी, गोवर्धन विलास सहित कई जगह गरबे हो रहे हैं। श्रीनाथ मंदिर प्रागण में श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के गरबा नृत्य में पारम्परिक वेशभूषा में समाज के युवक - युवतियों ने नृत्य किया। समिति के अध्यक्ष ने बताया सोमवार को नवमी पर 101 कन्याओं का पूजन होगा। वही घंटाघर पर रविवार को अष्टमी पर गरबा आयोजन के दौरान शस्त्र पूजन किया जाएगा।

श्रीनाथ मार्ग स्थित श्री माहेश्वरी पंचायत भवन में नगर माहेश्वरी युवा संगठन की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव में 9 माताओं के विविध रूप धर महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने डांडिया किया।

गरबे में जुटी जैन महिलाएं

जैन महिला मंच की ओर से शनिवार को निजी स्थल पर आयोजित गरबा महोत्सव में डांडियों के आयोजित तीन राउंड में समाज की महिलाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम संयोजक पायल चपलोत, गरबा संयोजक पिंकी जैन व रूपम नलवाया ने बताया कि बतौर अतिथि कार्यक्रम में उषा लोढ़ा ने उपस्थिति दी। महोत्सव में एक सौ महिलाओं ने शिरकत की। मंच अध्यक्ष वंदना

आदिनाथ शिक्षण संस्थान

यूनिवर्सल स्कूल

दिल्ली पब्लिक स्कूल

स्कॉलर एरिना स्कूल

गुरुनानक गर्ल्स कॉलेज

जैन, बेस्ट टेलेंट अवार्ड कशिश जैन को दिया गया।

छात्राध्यापिकाओं ने खेला गरबा

आदिनाथ शिक्षण संस्थान में आयोजित गरबा महोत्सव का आगाज आदिनाथ शिक्षा सोसायटी संचालिका डॉ. ऋतु भटनागर ने किया। आयोजन आदिनाथ सीसे स्कूल के 540 विद्यार्थी व आदिनाथ महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की 75 छात्राध्यापिकाओं ने हिस्सा लिया।

विजेता हुए सम्मानित

इधर, गुरुनानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गरबा व डांडिया कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बतौर अतिथि राजेंद्र कुमार चतुर, कार्यक्रम अध्यक्ष डीएस पाहवा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रभारी मीनल कोठारी के नेतृत्व में समिति सदस्य डॉ. अनुराधा मालवीया, विनिता वर्मा, पूर्व भुतालिया, डॉ. रश्मी, छात्रा संघ अध्यक्ष मयूरी मेनारिया एवं अन्य ने उपस्थिति दी।

रंगारंग प्रस्तुतियों ने मनमोहा

हाड़ी रानी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को हुए गरबा महोत्सव का आगाज प्राचार्य डॉ. रश्मी कुमावत की ओर से दीप प्रज्जवलन कर हुआ। नव दुर्गा की आरती के बाद हुई रंगारंग प्रस्तुतियों

इसी तरह रॉयल संस्थान के रॉयल पब्लिक सेकण्डरी स्कूल में गरबा नृत्य में प्रबंधक जीएल कुमावत, संस्था प्रधान राजेश शर्मा एवं अन्य स्टाफ की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने हिस्सेदारी निभाई।

हर्षोल्लास से मनाया नवमी पर्व

ऐश्वर्या संस्थान में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ महानवमीं पर्व मनाया गया। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव के नेतृत्व में मां दुर्गा की आराधना के साथ सांस्कृतिक आयोजन हुए। बतौर अतिथि केरियोग्राफर राहुल वैष्णव ने उपस्थिति दी। इधर, ऐश्वर्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भी गरबा महोत्सव का आयोजन हुआ।

बच्चों ने खनकाए

नवरात्र उत्सव व रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों में सजे-धजे नौनिहालों की उपस्थिति से कार्यक्रम यादगार बन उठा। स्कूल प्रबंधन दल सदस्य अपूर्वा अग्रवाल, प्राचार्या संजय नरवारिया, प्रधानाध्यापिका शालिनी सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

नन्हें बच्चों के चेहरे चमके

किड्स प्लेनेट समोर बाग शाखा द यूनिवर्सल स्कूल में शनिवार को हुए डांडिया आयोजन में नन्हें बच्चों ने डांडियां कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मस्ती और खेल के बीच बच्चों के चेहरे चमकते दिखे। प्राचार्य ऋतु भटनागर ने बताया कि गरबा स्टाइल व ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षक रही। रोटरी डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन संदीप सिंघटवाड़िया ने इनाम व सर्टिफिकेट बांटे।

स्काउट गाइड ने किया कन्या पूजन

द स्कॉलर्स एरिना की दोनों शाखाओं में शनिवार को स्काउट गाइड गतिविधियों के तहत कन्या पूजन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. लोकेश जैन, निदेशिका डॉ. शर्मिला जैन एवं स्काउटर-गाइडर ने कार्यक्रम के आरंभ में देवी मां की पूजा की। बाद में स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने 11 नन्हीं कन्याओं का चरण धोकर, तिलक लगाकर, मिश्री खिलाकर कन्याओं का पूजन किया। संचालन दीपश्री आमेटा एवं श्रृंखला गौड़ ने किया।